
**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**

# चुनौती से कम नहीं जिले के अंतिम गांव नामिक में कोरोना का टीका लगाना

**दिक्कतें** नामिक गांव को जोड़ने वाला पैदल रास्ता आपदा की भेंट चढ़ा

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। बीते पिछले जून माह में पहली भारी बरसात के चलते जिले के अंतिम गांव नामिक को जोड़ने वाला पैदल रास्ता आपदा की भेंट चढ़ने के बाद वर्तमान में यहां पहुंचना जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के लिए खासी चुनौती भरा होने लगा है। बता दें कि नामिक में अभी तक कोरोना संक्रमण की रफ्तार को रोकनें के लिए यहां पर केवल एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ती व एक आशा कार्यकर्ती ही अपना टीकाकरण कर पाई है।

जानकारी के मुताबिक नामिक गांव में एक सौ चौदह परिवारों में से वर्तमान में सात सौ पिचहतर लोग रह रहे है। पिछले जून माह में हुई पहली भारी बरसात ने जहां इलाके में पैदल चलने वाले रास्ते को रामगंगा में बहा दिया था। वही दूसरी ओर आवाजाही के लिया बनाया गया पुल भी पूरी तरह वर्तमान



में ध्वस्त हो चुका है। जिले का यह गांव खासतौर अति दुर्गम की श्रेणी में रखा गया है।

अब तक गांव में कोरोना की लहरों के बीच गांव के दो ही लोगों को कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए टीकाकरण किया गया है जो कि शेष अन्य बचे हुए गांव के ग्रमीणों के लिए खासतौर पर अब चिता व चर्चा का विषय बन चुका है।

इलाके में पांच महिलाएं व बाइस पुरूषों में से सत्रह पुरूष गंभीर रूप से चलने में खासतौर पर असमर्थता व्यक्त कर रहे है। गांव में चलने वाले पैदल रास्तों व पुलों के आपदा में क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण यहां पर अन्य ग्रमीणों को प्रशासन व स्वास्थ्य महकमा कोरोना का टीकाकरण करने में खासी चुनौती के दौर से गुजर रहा है। गांव के ग्रमीण बंद पड़े रास्तों व जर्जर हो चुके पुलों से जाने में खासी परेशानी झेल रहे है। गांव में अब तक टीकाकरण न होने से कोरोना संक्रमण का खासा खतरा मंडराने के आसार नजर आने लगे है।

इस मामले पर जिलाधिकारी डाक्टर आनंद स्वारूप ने कहा कि इलाके में लोनवि को बंद पड़े मार्गो को जल्द खोले जाने के निर्देश दे दिये गये है। वही सीएमओं को हर हाल में नामिक गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम को टीकाकरण के लिए भेजे जाने के निर्देश दे दिए गए है।

## न्यूज डायरी

### कांग्रेस ने विधानसभा अध्यक्षके खिलाफ रायवाला थाने में दी तहरीर

**संवाददाता** रायवाला। कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने क्षेत्रीय विधायक व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल के खिलाफ शुक्रवार को रायवाला थाने में तहरीर दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य जयेंद्र रमोला की ओर से दी गई तहरीर में विद्यालय प्रशासन और विधिायक प्रेमचंद अग्रवाल के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। दरअसल, बीते गुरुवार को अटल आदर्श विद्यालय छिद्दरवाला के शिलान्यास के अवसर पर विद्यालय में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में काफी भीड़ जुटी। इतना ही नहीं छोटे स्कूली बच्चों को भी इसमें आमंत्रित किया गया। बच्चों को बिना शारीरिक दूरी के एक पांडाल में बैठाया गया। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी मुखर हुई है।

### बांध प्रभावितों ने आंख पर काली पट्टी बांधकर जताया आक्रोश

**संवाददाता** कालसी (देहरादून)। हथियारी में निर्माणाधीन व्यासी जल विद्युत परियोजना से पूर्णरूप से प्रभावित लोहारी के ग्रामीणों ने शुक्रवार को जुड्डो में चल रहे धिरने के 28वें दिन आंखों पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। ग्रामीणों ने मांगों को जल्द पूरा करने की मांग को लेकर यमुना घाटी लखवाड़ व्यासी बांध प्रभावित समिति के बैनर तले सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जल्द मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया। बांध प्रभावित विस्थापन, जमीन के बदले जमीन, परिवार के एक सदस्य को नौकरी की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं। यूजेवीएनएल कार्यालय में तालाबंदी करने के बाद भी मांगों पर सुनवाई न होने से आक्रोशित बांध प्रभावितों ने आंखों पर काली पट्टी बांधी।

### राज्य आंदोलनकारियों के आरक्षण के समर्थन में आप ने फूंका सरकार का पुतला

**संवाददाता** हल्द्वानी। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारियों को सरकारी सेवाओं में आरक्षण को यथावत रखने की मांग आम आदमी पार्टी ने की। लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार दो जुलाई को बुद्ध पार्क में भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए राज्य सरकार का पुतला फूंका। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान आप प्रदेश प्रवक्ता समित टिक्कू ने कहा, आंदोलनकारियों की शहादत के बाद इस राज्य का गठन हुआ। हजारों लोग इस राज्य की मांग के लिए जेल तक गए। आज उनको दिए अधिकार और आरक्षण पर मौजूदा सरकार गंभीर नहीं है उन्होंने कहा कि जिन आंदोलनकारियों को आरक्षण के तहत अलग अलग विभागों में नौकरी दी गई थी, कोर्ट ने उस आरक्षण पर रोक लगाने का फैसला लिया।

## साइबर थानों को भी मिलेगी 2.50 लाख की एसएस मनी

**संवाददाता** रुद्रपुर। साइबर थाने को भी अब एसएस मनी (थाना निधि) मिलेगी। डीजीपी अशोक कुमार ने एसएसपी एसटीएफ अजय ङ्क्षसह को साइबर थानों को एक श्रेणी में रखने के निर्देश देते हुए हर साल 2.50 लाख रुपये की एसएस मनी देने का निर्देश दिया।

अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस, साइबर थाना पुलिस और एसटीएफ बाहरी राज्यों में दबिश देती है। इसके लिए थानों को ए, बी और सी तीन श्रेणी में रखकर एसएस मनी दी जाती है। इसमें ए श्रेणी के थानों को साल का 2. 50 लाख, बी श्रेणी को 1.50 लाख और सी श्रेणी को 50 हजार दिए जाएंगे। साइबर थाना और एसटीएफ को अब तक एसएस मनी नहीं मिलती थी। इस कारण एसटीएफ एसएसपी उन्हें दबिश व अन्य कार्रवाई के लिए फंड मुहैया कराते थे। शुक्रवार को साइबर थाने के निरीक्षण के दौरान डीजीपी जब साइबर थाना पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की समस्या सुन रहे थे तो साइबर थाना प्रभारी ललित मोहन जोशी ने उनके समक्ष एसएस मनी की समस्या रखी। डीजीपी ने एसएसपी एसटीएफ अजय ङ्क्षसह को निर्देश दिया कि साइबर थाने को ए श्रेणी में रखने का प्रस्ताव भेजें और 2.50 लाख की एसएस मनी मुहैया कराएं।

ऊधमसिंह नगर के एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने डीजीपी अशोक कुमार के समक्ष एसओजी को भी एसएस मनी दिए जाने की बात रखी। इस पर डीजीपी ने कहा कि एसओजी थाना क्षेत्रों में होने वाले आपराधिक वारदात के पर्दाफाश के लिए काम करती है।



## अमर शहीद मेजर दुर्गा मल्ल याद किए गए

**संवाददाता** देहरादून। गोरखा शहीद सेवा समिति के तत्वावधान में स्वतंत्रता आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद मेजर दुर्गा मल्ल की 108वीं जन्म जयंती पर हजरतगंज स्थित दुर्गा भवन में यूनिवर्स पब्लिक रिलेशन एवं एम. एस. आर. हब ने एक स्मृति सभा का आयोजन किया गया।। इस मौके पर कई लोगों ने शहीद दुर्गा मल्ल के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। एम. एस. आर हब प्रा.लि. के निदेशक रिजवान रजा ने कहा कि शहीद मेजर दुर्गा मल्ल ने अपना बलिदान देकर उत्तराखंड ही नहीं, पूरे देश का गौरव बढ़ाया। अपने प्राणों का बलिदान देकर उन्होंने आजादी के संघर्ष को धार दी। रजा ने बताया कि भारत की स्वतंत्रता के लिए युवावस्था से ही आंदोलनों में भाग लेकर संघर्ष करना शुरू कर दिया था। अंग्रेजों के आगे सीना तानकर उन्होंने आजादी के लिए अपना बलिदान दिया।

## भाजपा विधायक के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

**संवाददाता** हरिद्वार। ज्वालापुर विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक सुरेश राठौर के खिलाफ थाना बहादराबाद में बलात्कार का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद विधायक सुरेश राठौर के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। एक महिला ने राठौर पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाया था।

कोर्ट के आदेश के बाद सुरेश राठौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। कुछ दिन पहले विधिायक ने आरोप लगाने वाली महिला और उसके दो अन्य साथियों पर ब्लैकमेलिंग करने का आरोप लगाते हुए ज्वालापुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज



कराया था।

विधायक ने इस महिला पर 36 लाख रुपए रंगदारी मांगने का आरोप लगाया था, जिसमें ज्वालापुर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसके बाद अब महिला ने कोर्ट के आदेश से विधायक सुरेश राठौर के खिलाफ बहादराबाद थाने में बलात्कार का मुकदमा दर्ज कराया है। बहादराबाद एसओ का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच करके अगली कार्रवाई की जाएगी।

इस प्रकरण को लेकर ज्वालापुर विधायक सुरेश राठौर ने कहा कि वो पुलिस को सहयोग करेंगे। उनका कहना है कि आरोपियों ने अदालत को गुमराह किया है। ये नहीं बताया गया कि उन पर आरोप लगाने वाले लोग पहले ही फिरौती के मामले में जेल जा चुके हैं। राठौर ने कहा कि उनकी राजनीतिक छवि बिगाड़ने का काम किया जा रहा है और इसके पीछे कोई और नहीं बल्कि वो लोग हैं जिनको उन्होंने चुनावों में हराया था।

राठौर ने कहा है कि आरोप लगाना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन वो पूरे मामले पर पुलिस का सहयोग करेंगे।

## साइबर पुलिस ने देशभर में 350 करोड़ का फ्रॉड पकड़ा

**संवाददाता** रुद्रपुर। साइबर क्राइम देश का सबसे तेजी से बढ़ता अपराध है और पुलिस के लिए भी चुनौती है। कुमाऊं मंडल में होने वाले साइबर अपराध से जुड़े केस थाने में दर्ज होंगे। यह बातें डीजीपी उत्तराखंड अशोक कुमार ने कहीं। शुक्रवार को डीजीपी अशोक कुमार दो दिवसीय नैनीताल और ऊधिमसिंहनगर के भ्रमण कार्यक्रम के पहले दिन रुद्रपुर पहुंचे थे। जहां उन्होंने सिडकुल स्थित साइबर थाने के निरीक्षण किया। डीजीपी ने कहा कि फिलहाल सिडकुल में बना यह साइबर थाना अस्थाई है और जल्द ही स्थाई भवन में शिफ्ट किया जाएगा। बताया कि कुमाऊं मंडल के यूएसनगर के साथ ही नैनीताल, चम्पावत, पिथौरागढ़, बागेश्वर और अल्मोड़ा में होने वाली साइबर अपराध से जुड़े मामले भी थाने में दर्ज होंगे। डीजीपी अशोक कुमार ने कहा कि साइबर पुलिस ने देशभर का 350 करोड़ का फ्राड पकड़ा है और देशभर में 323 केस दर्ज हुए हैं। यह साइबर ठगी देश में करीब एक लाख लोगों से हुई है।